# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ।

## वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2023 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2023 को अपरान्ह् 03.00 बजे कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

**वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थीः—**

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति, — अध्यक्ष
2. श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि)। — सदस्य
3. डा0 अमरनाथ मिश्र, संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) — सदस्य
4. डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)। — सदस्य
5. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक — सदस्य
6. श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त नियन्त्रक — सदस्य सचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

**प्रस्ताव संख्या 17.1: वित्त समिति की 16वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 28 मार्च, 2022 को सम्पन्न 16वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 17.2: वित्त समिति की 16वीं बैठक दिनाँक 28 मार्च, 2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

वित्त समिति द्वारा 16वीं बैठक दिनांक 28 मार्च, 2022 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 17.3: वित्तीय वर्ष 2021–22 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट का अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु संस्तुति की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 17.4: वित्तीय वर्ष 2022–2023 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 का आय–व्ययक।**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 के अनुमानित आय–व्ययक पर मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु निम्नवत संस्तुति की गयी।



लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

## आय–व्ययक वित्तीय वर्ष 2023–24

(रू0 लाख में)

| क्रम सं0 | विभिन्न प्राप्तियां एवं व्यय | वास्तविक आंकड़े 2021–22 | आय–व्ययक अनुमान 2022–23 | पुनरीक्षित अनुमान 2022–23 | आय–व्ययक अनुमान 2023–24 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्तियां | 13049.90 | 22499.35 | 23152.65 | 24468.65 |
| 2 | पूँजीगत प्राप्तियां | 167.75 | 8109.05 | 2246.00 | 7476.00 |
| 3 | **योग (1+2)** | **13217.65** | **30608.40** | **25398.65** | **31944.65** |
| 4 | राजस्व व्यय | 11599.14 | 22412.07 | 22933.00 | 24232.70 |
| 5 | पूँजीगत व्यय | 167.75 | 8109.05 | 2246.00 | 7476.00 |
| 6 | **योग (4+5)** | **11766.89** | **30521.12** | **25179.00** | **31708.70** |

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

1. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल, मेरठ एवं श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा कहा गया कि विश्वविद्यालय के फार्मों की आय को बढ़ाने के प्रयास किये जाये। जिसपर मा0 कुलपति जी द्वारा अवगत कराया गया कि इसके प्रयास किये जा रहे है।

**(कार्रवाईः निदेशक शोध)**

2. वित्त समिति के मा0 सदस्यगणों द्वारा आय–व्ययक के अवलोकन के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्रों के व्ययों पर टिप्पणी की गयी कि 1–2 कृषि विज्ञान केन्द्रों को छोड़कर अन्य सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर व्यय की अधिकता है, जिसको कम किया जाना आवश्यक है।

**(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)**

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

3. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, हापुड़ का कई बार भ्रमण किया जा चुका एवं उनके द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, हापुड़ के फार्म की दशा अच्छी अवस्था में नही है, उसपर कार्य करने की आवश्यकता है।

**(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)**

4. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि समय–समय पर भिन्न–भिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों पर आयोजित होने वाले किसान मेलों का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र से अन्यंत्र स्थलों पर भी आयोजन किया जाना उपयुक्त होगा। जिसपर मा0 कुलपति जी सहमति व्यक्त की गयी।

**(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)**

5. माननीय कुलपति जी द्वारा मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित गांधी हॉल (परीक्षा भवन) को Modify कराने के प्रयास किये जायेगें। जिसपर संयुक्त निदेशक कृषि द्वारा कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित कराने वाली खरीफ गोष्ठी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कराने के सम्बन्ध में कहा गया।

**(कार्रवाईः निदेशक प्रसार)**

6. डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय के गांधी हॉल (परीक्षा भवन) में नया साउण्ड सिस्टम लगाने के लिए विचार किया गया। जिसपर अवगत कराया गया कि इससे सम्बन्धित प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद में अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है एवं इसपर कार्यवाही की जा रही है।

**(कार्रवाईः प्रभारी अधिकारी विद्युत/प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सैल)**

7. माननीय कुलपति जी द्वारा मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में हास्टल की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है एवं विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं को Placement का लाभ प्रदान कराने हेतु प्रयास किये जा रहे है।

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110



Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

**प्रस्ताव संख्या 17.5: विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय में मानदेय के आधार पर रखे गये गेस्ट फैकेल्टी की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में मानदेय के आधार पर रखे गये गेस्ट फैकल्टी को उनकी शैक्षिक अर्हताओं को श्रेणीवार बांटते हुए योग्यतानुसार निम्नवत निर्धारित मानदेय पर प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| **01** | MVSc Degree in concerned discipline with NET/Ph.D | Rs. 1500 per lecture subject to maximum of Rs. 50000/- |
| **02** | MVSc Degree in concerned discipline | Rs. 1000 per lecture subject to maximum of Rs. 40000/- |
| **03** | B.V.Sc. & A.H. | Rs. 25000/- per month fixed |

**(कार्रवाई: अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय)**

**प्रस्ताव संख्या 17.6: विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, कटाई उपरांत तकनीकी महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय में मानदेय के आधार पर रखे गये गेस्ट फैकेल्टी की स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण एवं कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के संदर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, कटाई उपरांत तकनीकी महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, उद्यान महाविद्यालय में मानदेय के आधार पर क्रमशः 05, 09, 09 एवं 03 गेस्ट फैकेल्टी रखे जाने से सम्बन्धित प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाई: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण / कुलसचिव / सम्बन्धित अधिष्ठातागण)**



लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**Dr. K.K. SINGH**
**Vice-Chancellor**
**S.V.P.U.A.&T., Meerut**

अन्त में सचिव वित्त समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

(लक्ष्मी मिश्रा)
वित्त नियन्त्रक / सचिव, वित्त समिति

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

(डा० के०के० सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष

Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut